# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर – 2023

**परीक्षा का नाम : मध्यमा प्रथम**

**विषय : तबला / पखावज**

दि. 19/11/2023 समय : 3 घंटे (दोपहर : 2 से 5) कुल अंक : 75

सूचना :
1) प्रश्न क्र. 3 अनिवार्य है ।
2) शेष प्रश्नों में चार प्रश्न हल करे ।
3) सभी प्रश्नोंके अंक समान है ।

प्र.1. रिक्त स्थान पूर्ति किजिए। 15

1. संगीत उपयोगी ध्वनी को ----------- कहते है।
(अ) स्वर (ब) नाद (क) आस

2. जिस ध्वनी की कंपन संख्या नियमित कर्णमधूर होती है उसे ----------- कहते है।
(अ) गुंज (ब) आवाज (क) स्वर

3. तबला / पखावज पर बजनेवाले बोलों को ------- कहते है।
(अ) ठेका (ब) वर्ण (क) ताल

4. मिस्त्र जाती के बोलोंका / गतोंका वादन जादातर ----------- घराने मे होता है।
(अ) फरुखाबाद (ब) लखनौ (क) पंजाब

5. संगीत मे गायन वादन की लंबाई नापने का साधन --------- है।
(अ) मात्रा (ब) ताल (क) आवर्तन

6. तबला/पखावज स्वतंत्र वादन मे हरेक चक्रधार ------- होता है।
(अ) तिहाई (ब) तुकडा (क) मुखडा

7. ------- यह विविध नैसर्गिक घटनाओंकी गतिकी अनुभूती देनेवाली रचना है।
(अ) कायदा (ब) गत (क) तिहाई

8. खयाल ये शब्द ----------- भाषा की देन है।
(अ) संस्कृत (ब) हिंदी (क) फारसी

9. रुपक ताल की दुगून आवर्तन मे एक बार ----------- मात्रा मे पूरी होती है।

(अ) 3 (ब) $3\frac{1}{2}$ (क) 7

10. ------- यह खुले तथा वजनदार बोलों की लंबझड रचना है ।

(अ) परन (ब) तिहाई (क) नौहक्का

11. उ. आबिद हुसेन ------- घराने के तबला वादक है ।

(अ) दिल्ली (ब) लखनौ (क) अजराडा

12. ठूमरी गायन की प्रकृती ----------- होती है।

(अ) विलंबित (ब) द्रूत (क) चपलद्रूत

13. ठेका ----------- पर आधारित होता है।

(अ) लय (ब) सम-काल (क) ताल

14. काळी एक सा का मध्यम स्वर ----------- होता है।

(अ) काळी 5 (ब) काळी 3 (क) काळी 4

15. तदारे, दीम, तनोम जैसे बोल -----गायन में होते है ।

(अ) तराना (ब) ख्याल (क) टप्पा

**प्र.2. तबला/पखावज का संक्षिप्त इतिहास लिखे तथा 'उसका आधुनिक रुपमें परिवर्तन' इसकी जानकारी दे ।** **(15)**

**प्र.3. लिपीबद्ध करे। (कोई तीन)** **(15)**

1. ताल झपताल / सूलताल मे एक फरमाईशी चक्रधार (समसे समतक)
2. ताल एकताल / चौताल मे दो या चार आवर्तन मे परण।
3. रुपक ताल दुगून तथा तिगून।
4. त्रिताल मे तीस्त्र जाती कायदा दोन पलटे तिहाई।
5. ताल त्रिताल (16 मात्रा) 5 वी मात्रा से तिहाई।
6. ताल धमार तीस्त्र जाती रेला दो पलटे तिहाई।

**प्र.4. तबले मे / पखावज मे कौनसे घराने होते है? दिल्ली / पानसे घराने की विस्तृत जानकारी लिखे।** **(15)**

प्र.5. चौदह मात्रा के कितने ताल आप जानते है? कौनसा ताल किस संगीत प्रकार मे उपयोग मे लाया जाता है समझाईये। दो ताल पलूस्कर लिपी में लिखे। (15)

प्र.6. तबला / पखावज वादक के गुण–दोष विस्तृत टिपणी लिखे। (15)

प्र.7. गायन शैली की विस्तृत जानकारी देकर उनमे संगत के उपयोगी ताल या ठेके लिपी बद्ध करे। (कोई तीन के उत्तर लिखे) (15)

1) ख्याल 2) भजन 3) ठूमरी 4) तराना